DOON UNIVERSITY
NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

दून विवि : द्वितीय पुरस्कार

देहरादून। दून विश्वविद्यालय के छात्रों ने नाटक के माध्यम से बताया कि ऐसी तमाम मां हैं जिन्होंने नशे की वजह से अपने बच्चों को खोया है। नशे से पीड़ित बच्चा जब लगातार बीमार रहने लगता है तो उसकी मां झाड़-फूंक के लिए बाबा के पास ले जाती है, लेकिन पता चलता है कि बच्चे को नशे की लत है और उसे कई बीमारियां हो गई हैं। आखिर एक मां अपने बेटे को खो देती है। छात्रों ने कहा कि यह कहानी सिर्फ एक मां की नहीं, नशे की वजह से कई मांओं ने अपने बेटों को खोया है। इस नाटक ने प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया। छात्रों का अभिनय और संवाद इतना जानदार था कि हर कोई पूरे नाटक को एकाग्र होकर देखत रहा। मा.सि.रि.

News paper – Amar Ujala
Date – 25.02.2024